दिनांक 24.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कमिश्नर श्री के0एल0 चौहान की पहल भिलाई के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में उतरा मोर रायपुर क्लब

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्तरदायित्व को पुरा करने आज मोर रायपुर क्लब की टीम डेंगू नियंत्रण अभियान लेकर भिलाई पहुंची। 40 सदस्यीय यह अभियान दल भिलाई के छावनी और शंकर नगर के बस्तियों में पहुंचा जो डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित है। दल के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक, रोड शो और घर–घर संपर्क कर डेंगू के बचाव के तरीके बताएं और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता व साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। मोर रायपुर क्लब के सदस्य रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय से सुबह 8 बजे रवाना हुए और भिलाई जोन क्रमांक 04 के प्रभावित क्षेत्रों पर पहुंची। इस टीम में शामिल शासकीय नर्सिंग कालेज, गुरुकुल कालेज, दुर्गा कालेज, संस्था कुछ फर्म हमारा भी है, रायपुर आटोमेशन के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी, लिमिटेड जनसम्पर्क विभाग की पुरी टीम शामिल थी। क्लब के सदस्यों ने छावनी, आंगनबाड़ी केन्द्र, जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं से मिलकर डेंगू से बचाव के तरीके बताये।

भ्रमण में वार्ड पार्षद श्रीमती तुलसी, अधीक्षण अभियंता रोहित कुमार साहू, सहायक अभियंता अखिलेश चन्द्राकर भी साथ थे। भिलाई नगर निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत् भिलाई पहुंचकर क्षेत्र में जन जागरुकता अभियान संचालित करने के लिए मोर रायपुर क्लब की सराहना की और सुव्यवसस्थित अभियान की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। भिलाई क्षेत्रवासियों ने विश्वास जाहिर किया कि मोर रायपुर क्लब आने वाले दिवसों में भी ऐसे ही सक्रिय सहभागिता के साथ लोगों को जागरुक करने आगे भी भिलाई पहुंचेगा। जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भिलाई नगर निगम कमिश्नर श्री के0एल0 चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने वृहद सोच के साथ भिलाई को डेंगू से बचाने के लिए सघन डेंगू प्रभावित क्षेत्र में डेंगू से बचाने के लिए लोगों को जागरुक किया है।

इस अवसर पर जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संस्थापिका कमलेश नंदनी श्रीमौल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छावनी की प्रिन्सिपल श्रीमती सुशीला फ्रांसे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर के प्रिन्सिपल अनिल सिंह, शासकीय गुरुकुल महाविद्यालय की प्रोग्राम आफिसर रात्रि लाहरी, दुर्गा कालेज की सुनिता चंसोरिया, शासकीय नर्सिंग कालेज की प्रिन्सिपल वंदना चंसोरिया, वार्डन कल्पना साहू, संस्था कुछ फर्म हमारा है के नितिन सिंह राजपुत, पाजीटीव इंडिया के पुरुषोत्तम मिश्रा, मोर रायपुर क्लब, शासकीय नर्सिंग कालेज, गुरुकुल महाविद्यालय, दुर्गा कालेज, के सदस्य, सहित स्कूलों व कालेजों के छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी